# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

# Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University

(Central University)

बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110 016 (भारत)

B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110 016 (INDIA)


पत्र संख्या
Ref. No. Ref.No.7 (92)/LBNSU/UWD/2023-24/780

दिनाँक
Date 20.09.2023 (C.E.) 22

## NOTICE

The 2nd meeting of the Building Committee is scheduled to be held on 05.10.2023 at 12.30 P.M. under the chairmanship of Hon'ble Vice-Chancellor in the Committee Room of VC's Secretariat of the University.

All members are requested to kindly make it convenient to attend the meeting on the date and time as mentioned above.

21.09.2023

Registrar (I/c) & Member Secretary

To all the members:

1. Prof. Murlimanohar Pathak, Vice-Chancellor, SLBSNS University, New Delhi – 110 016.
2. Er. Chandra Shekhar Prasad, Erstwhile DG, CPWD & Chief Adviser, EPIL, Flat No. 301, MS – 06, Kendriya Vihar, Sector-56, Gurugram – 122 011.
3. Dr. Ravindra Pratap Singh, Chief Engineer, New Delhi Zone-2, CPWD, Vidhyut Bhawan, Shankar Market, Connaught Place, New Delhi - 110 001.
4. Shri Ashok Kumar Sharma, Chief Architect (Region Delhi), CPWD, East Block-1, Level-2, R. K. Puram, New Delhi - 110 066.
5. Prof. (Dr.) Anil Dewan, Deptt of Building Architecture, School of Planning and Architecture Delhi, 4-Block-B, Indraprastha Estate, New Delhi - 110 002.
6. Dr. Veerendra Kumar, Erstwhile Professor & HOD, Deptt. of Civil Engineering, IIT- BHU, Varanasi – 221 005.
7. Prof. (Dr.) Rommel Mehta, Landscaping Consultant, Erstwhile Professor, Deptt. of Landscaping, School of Planning and Architecture Delhi, 6, Jain Mandir Road, Opp. Shivaji Stadium, New Delhi - 110 001.
8. Shri Purnesh Kumar, Project Director (S.E.), CPWD, Supreme Court Project cum Maintenance Circle, Gate No.9, Pragati Maidan, New Delhi - 110 001.
9. Shri Anup Mishra, Superintending Engineer (Electrical), ESD, CSIR Complex, Pusha, New Delhi-110 012.
10. Prof. Prem Kumar Sharma, (Nominated by Vice-Chancellor) SLBSNS University, ND - 16.
11. Prof. R. P. Pathak, (Nominated by Vice-Chancellor) SLBSNS University, New Delhi - 16.
12. Shri Santosh Kumar Shrivastav, Finance Officer, SLBSNS University, New Delhi - 16.
13. Prof. Bhagirathi Nanda, (Representative of Planning Board) SLBSNS University, New Delhi-16.
14. Er. Ramakant Upadhyaya, University Engineer, SLBSNS University, New Delhi-16.
15. Shri Anjani Kumar, Assistant Engineer, SLBSNS University, New Delhi-16.
16. Registrar, SLBSNS University, New Delhi - 16.

सत्यापित
VERIFIED

Copy to:-

1. Deputy Registrar (A/c), SLBSNS University, New Delhi for information & necessary action.
2. OSD to Vice-Chancellor, SLBSNS University, New Delhi.
3. Concerned file.

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
SHRI LAL BAHADUR SHASTRI NATIONAL SANSKRIT UNIVERSITY
(A Central University established by an Act of Parliament (No.5 of 2020))

# भवन समिति की द्वितीय बैठक का कार्यवृत्त

भवन समिति की द्वितीय बैठक वृहस्पतिवार दिनांक 05.10.2023 को अपराह्न 12.30 बजे से मा. कुलपति जी की अध्यक्षता में कुलपति सचिवालय में हुयी। बैठक में निम्नलिखित महानुभाव उपस्थित थेः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | प्रो. मुरली मनोहर पाठक<br>कुलपति,<br>श्री ला.ब.शा.रा.संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली | अध्यक्ष |
| 2. | इं. चन्द्र शेखर प्रसाद<br>पूर्व महानिदेशक, केन्द्रीय लो.नि.विभाग<br>301, एम.एस - 6, केन्द्रीय विहार, सेक्टर-56,<br>गुरूग्राम - 122011 | सदस्य |
| 3. | डॉ. रवीन्द्र प्रताप सिंह<br>मुख्य अभियन्ता, (नई दिल्ली जोन - 2)<br>सी.पी.डब्ल्यू.डी., विद्युत भवन, शंकर मार्केट,<br>कनॉट प्लेस, नई दिल्ली - 110001 | सदस्य |
| 4. | श्री अशोक कुमार शर्मा<br>मुख्य वास्तुक, केन्द्रीय लो.नि.विभाग<br>ईस्ट ब्लॉक-1, लेवल-2, आर.के. पुरम,<br>नई दिल्ली-110066 | सदस्य |
| 5. | प्रो.(डॉ.) अनिल दीवान<br>अध्यक्ष, बिल्डिंग आर्किटेक्चर विभाग,<br>स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर,<br>दिल्ली, 4-ब्लॉक-बी, इंद्रप्रस्थ एस्टेट,<br>नई दिल्ली - 110002 | सदस्य |
| 6. | डॉ. वीरेन्द्र कुमार<br>पूर्व प्रोफेसर और एचओडी,<br>सिविल इंजीनियरिंग विभाग, आईआईटी-बीएचयू,<br>सी- 4 स्वस्तिक टावर, लंका थाना के सामने,<br>वाराणसी - 221005 | सदस्य |

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब संस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

7. इं. पूर्णेश कुमार — सदस्य
परियोजना निदेशक (एस.ई.), सी.पी.डब्ल्यू.डी.,
सुप्रीम कोर्ट परियोजना सह रखरखाव सर्कल,
गेट नंबर -9, प्रगति मैदान, नई दिल्ली - 110001

8. इं. अनूप मिश्र — सदस्य
अधीक्षण अभियंता (विद्युत)
ईएसडी, सी.एस.आई.आर. कॉम्प्लेक्स,
पूसा, नई दिल्ली - 110012

9. प्रो.(डॉ.) प्रेम कुमार शर्मा — सदस्य
श्री.ला.ब.शा.रा.सं. विश्वविद्यालय,
नई दिल्ली - 110016

10. प्रो. (डॉ.) रमेश प्रसाद पाठक — सदस्य
श्री.ला.ब.शा.रा.सं. विश्वविद्यालय,
नई दिल्ली - 110016

11. श्री सन्तोष कुमार श्रीवास्तव — सदस्य
वित्त अधिकारी,
श्री.ला.ब.शा.रा.सं. विश्वविद्यालय,
नई दिल्ली - 110016

12. प्रो.(डॉ.) भागीरथी नन्द — सदस्य
श्री.ला.ब.शा.रा.सं. विश्वविद्यालय,
नई दिल्ली - 110016

13. श्री रमाकान्त उपाध्याय — सदस्य
विश्वविद्यालय इंजीनियर
श्री.ला.ब.शा.रा.सं. विश्वविद्यालय,
नई दिल्ली - 110016

14. श्री अंजनी कुमार — सदस्य
सहायक अभियंता
श्री.ला.ब.शा.रा.सं. विश्वविद्यालय,
नई दिल्ली - 110016

15. प्रो. (डॉ.) प्रेम कुमार शर्मा — सदस्य सचिव
कुलसचिव (प्र.)
श्री.ला.ब.शा.रा.सं. विश्वविद्यालय,
नई दिल्ली - 110016

सत्यापित

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri
National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

श्री अशोक कुमार शर्मा आनलाइन माध्यम से बैठक में सम्मलित हुये। ऑनलाइन माध्यम से बैठक में सम्मलित हुए। श्री. राठौर जी, कार्यपालक अभियन्ता, मुख्य अभियन्ता एन. डी. जेड –2 कार्यालय, के.लो.नि.वि. तथा डॉ. अंजनी कुमार शुक्ल को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। प्रो. रोगेल में गेहता, प्रोफेसर, लैंडस्केप आर्किटेक्चर विभाग, स्कूल ऑफ प्लानिंग एण्ड आर्किटेक्चर, दिल्ली अन्यत्र व्यस्तता के कारण बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

श्री नरेन्द्र पाल, कनिष्ठ अभियन्ता (वि.) एवं श्रीमती संध्या सिंह, कनिष्ठ अभियन्ता (सि.) भी बैठक में उपस्थित थे।

अध्यक्ष महोदय ने भवन समिति की बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया। इसके उपरान्त बैठक के सभी कार्यबिन्दुओं पर समिति के सदस्य सचिव एवं विश्वविद्यालय अभियन्ता द्वारा प्रकाश डाला गया।

2.1 Confirmation of Minutes कार्यवृत्त की पुष्टिः-

2.1.1 भवन समिति की दिनांक 28.03.2023 को आयोजित प्रथम बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि। (Annexure-2.1.1)

समिति ने भवन समिति की दिनांक 28.03.2023 को आयोजित प्रथम बैठक के कार्यवृत्त में वित्ताधिकारी के इस सुझाव के साथ पुष्टि की कि कार्यसूची संख्या 1.6.5 में प्राक्कलन एवं बिलों की वेटिंग में वित्ताधिकारी का प्रतिनिधि उपकुलसचिव/सहायक कुलसचिव (लेखा) भी हो।

2.2 Action Taken Report:-

2.2.1 भवन समिति की दिनांक 28.03.2023 को आयोजित प्रथम बैठक के कार्यवृत्त पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट। (Annexure-2.2.1)

भवन समिति की दिनांक 28.03.2023 को आयोजित प्रथम बैठक के कार्यवृत्त पर की गई कार्रवाई रिपोर्ट को नोट किया।

2.3 Reporting Items:-

2.3.1 गठित निविदा समिति की पुष्टि। (Annexure-2.3.1)

सदस्य सचिव ने समिति को विश्वविद्यालय निर्माण विभाग द्वारा जारी किये जा रहे निविदा एवं गठित निविदा समिति के सन्दर्भ में विस्तृत रूप से बताया। इस समिति की पूर्व स्वीकृति के बारे में भी अवगत कराया गया। मा. कुलपति जी की स्वीकृति से जून 2022 से निविदा समिति निम्न प्रकार हैः–

1. कुलसचिव या उनके प्रतिनिधि (प्रोफेसर स्तर के) – अध्यक्ष
2. वित्ताधिकारी या उनके प्रतिनिधि (उप कुलसचिव/सहायक कुलसचिव) – सदस्य
3. कुलपति के नामित सदस्य, (तीन आचार्यों में से कोई एक) – सदस्य
4. विश्वविद्यालय अभियन्ता / अधिशासी अभियन्ता – सदस्य
5. सहायक अभियन्ता – संयोजक

संकल्पः–

समिति ने सुझाव दिया कि निविदा समिति की अध्यक्षता कुलसचिव करें तथा उनकी अनुपस्थिति में वित्ताधिकारी अध्यक्षता करें। इस सुझाव के साथ समिति ने विश्वविद्यालय की निविदा समिति की पुष्टि की।

2.3.2 स्थायी तकनीकी समितियों की दिनांक 25/04/2023, 27/06/2023, 25/07/2023, 14/09/2023 और 03/10/2023 की बैठकों में समिति के अनुमोदन पर सक्षम अधिकारी के निर्णय की रिपोर्टिंग। (Annexure-2.3.2)

सदस्य सचिव ने सभी स्थायी तकनीकी समितियों की बैठकों में लिए गये निर्णयों के बारे में समिति को विस्तार से बताया।

सत्यापित VERIFIED



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi

(क) – 25/04/2023 – अस्थायी मोबाइल शौचालय एवं स्नानागार जैम द्वारा दिसम्बर 2018 में मंगाया गया था। इस कार्य पर कुल रूपये 14,35,195/– मात्र व्यय हुआ था, जो कि कालान्तर में खराब/अनुपयोगी स्थिति में हो गया था। छात्रों एवं छात्रावास अधिषठाता द्वारा बार बार इसे तत्काल हटाने की मांग की जा रही थी। अतः गठित समिति द्वारा ऑक्सन हेतु इसका मूल्यांकन रू. 1,31,000/– मात्र किया गया था। यह जैम साइट पर एच 1 बिडर ने कुल रू. 2,60,000/– मात्र की बोली लगायी थी। अतः कुल रू. 2,60,000/– मात्र पर ऑक्सन हुआ।

संकल्पः–

समिति ने इसे नोट किया।

(ख) – (1) – 27.06.2023 के कार्यवृत्त के सन्दर्भ में विविइं ने बताया कि के.लो.नि.वि. के ओ. एम नम्बर 158/SE(TAS)/GST/2022/331 दिनांक 10.08.2022 के अनुसार 18.07.2022 तक किये गय कार्यो पर जी.एस.टी 12 प्रतिशत से 18 प्रतिशत का भुगतान करना है, जिसकी समिति ने भी पुष्टि की है।

संकल्पः–

समिति ने स्थायी तकनीकी समिति के निर्णय को नियमानुसार पाया। अतः सक्षम अधिकारी की स्वीकृति उपरान्त भुगतान करने की संस्तुति की।

(2) – टी. के. एलीवेटर को लिफ्ट्स की ए.एम.सी. पाँच वर्षो के लिए 3.5 प्रतिशत प्रति वर्ष वृद्धि की दर से समिति ने देने हेतु संस्तुत किया है, जिसे सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से कार्य आवंटित कर दिया गया है।

संकल्पः–

समिति ने इसे नोट किया तथा पुष्टि की।

(ग) 25/07/2023 – (1) – स्वर्ण जयन्ती सदन वर्ष 2011–12 में पूर्ण कराया गया था। उसकी बाहरी एवं भीतरी मरम्मत, सफेदी आदि कार्य हेतु प्राक्कलन कुल रू. 70,38,731/– मात्र का वि.नि.वि. द्वारा बनाया गया है। समिति ने सक्षम अधिकारी की स्वीकृति उपरान्त निविदा करने की संस्तुति की है। पंजिका स्वीकृति हेतु सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत की जा चुकी है।

संकल्पः–

समिति ने स्थायी तकनीकी समिति के निर्णय को नोट किया तथा इसकी पुष्टि की।

(2) – स्वर्ण जयंती सदन के तृतीय तल एवं शैक्षणिक सदन में नये पॉवर प्वॉइंटस लगाने के लिये कुल रू. 13,26,479/– मात्र का प्राक्कलन वि.नि.वि. द्वारा बनाया गया है। समिति ने सक्षम अधिकारी की स्वीकृति उपरान्त निविदा करने हेतु संस्तुति दी है। फिलहाल, स्वर्ण जयंती सदन के तृतीय तल पर बी.एड. कक्षाओं में प्रस्तावित विंडो ए.सी. के स्थान पर वी.आर.वी. टाइप ए.सी. लगाने की संस्तुति तकनीकी समिति द्वारा की गयी है। इस आधार पर इस प्राक्कलन को पुनः संशोधित किया जायगा।

संकल्पः–

समिति ने इसे नोट किया।

(घ) 14/09/2023 – (1) – शैक्षणिक भवन तथा सारस्वत साधना सदन के रंगाई पुताई आदि कार्य हेतु विश्वविद्यालय निर्माण विभाग द्वारा कुल रू. 44,48,060/– मात्र का प्राक्कलन बनाया गया है। सम्बन्धित स्थायी तकनीकी समिति नें सक्षम अधिकारी की स्वीकृति उपरान्त निविदा करने हेतु संस्तुति दी है। पंजिका सक्षम अधिकारी की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत की जा चुकी है।

सत्यापित
VERIFIED

संकल्पः–

समिति ने इसको नोट किया।

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri
National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-11001
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-1100

(2) – स्वर्ण जयन्ती सदन में 2012–13 में लगा 60 के.वी.ए. का यू.पी.एस. (Unity Power Factor) Emerson Network Power (India) Pvt. Ltd. मेक का है अब इसका नाम Vertiv Energy Private Limited हो गया है। अबतक इसके ए.एम.सी. मद में कोई भी भुगतान नहीं किया गया। इस समय यू.पी.एस. में कुछ समस्या आ रही हैं जिसके समाधान हेतु कम्पनी से बात किया गया। कम्पनी नें निरीक्षण हेतु रू. 17,700/– मात्र (मा.से. कर सहित) मात्र का कोटेशन दिया है। अतः समिति ने ओ.ई.एम. Vertiv Energy Private Limited से सक्षम अधिकारी की स्वीकृति उपरान्त कार्य कराने हेतु अपनी संस्तुति दी है। विश्वविद्यालय निर्माण विभाग द्वारा इसपर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

संकल्पः–

समिति ने इसे नोट किया।

(ङ) 03/10/2023 – (1) – सदस्य सचिव ने समिति को बताया कि विश्वविद्यालय निर्माण विभाग (वि.नि.वि.) द्वारा शैक्षणिक सदन के स्मार्ट कक्षों में वर्ष खण्ड 2023–24 के दौरान सिविल एवं विद्युत आदि कार्य हेतु प्राक्कलन कुल रू. 13,84,696/– मात्र तथा एयर कण्डीशनरों की आपूर्ति एवं स्थापना आदि के कार्य हेतु प्राक्कलन कुल रू. 2,31,224/– मात्र का बनाया गया है जिसकी स्थायी तकनीकी समिति ने निरीक्षणोपरान्त प्राक्कलन को वेट किया तथा इस प्राक्कलन में संशोधन हेतु निम्नलिखित सुझाव दिये।

1. सिरैमिक वाल टाइल के स्थान पर प्रतिध्वनि प्रतिरोधक सामग्री (Echo-Resistant material) से / Wooden paneling कराया जाय।
2. लाइटें कम हैं। मिनिमम 350 लक्स होना चाहिए।
3. साइट निरीक्षण में पाया गया कि पैनल आदि के लिए जो वायरिंग की गयी है उसे सुरक्षा की दृष्टि से एज पर नार्म्स दुवारा कराया जाय।
4. विंडो ए.सी. की जगह यदि सम्भव हो तो स्पिलिट ए.सी. लगायें।

अतः स्थायी तकनीकी समिति ने अनुशंसा की है कि उपरोक्त सुझाव के अनुसार प्राक्कलन संशोधित कर सक्षम अधिकारी की स्वीकृति उपरान्त इस कार्य हेतु आगे की प्रकिया की जा सकती है।

संकल्पः–

समिति ने इसे नोट किया।

**2.3.3 सरकारी ई बाजार पर सामग्रियों एवं सेवाओं को लेने हेतु बनी समिति के अनुमोदन पर सक्षम अधिकारी के निर्णय की रिपोर्टिंग। (Annexure-2.3.3)**

सदस्य सचिव द्वारा सरकारी ई बाजार पर सामग्रियों एवं सेवाओं को लेने हेतु बनी समिति की संस्तुतियों दिनांक 24/04/2023, 12/06/2023, 15/06/2023, 22/06/2023, 06/07/2023, 26/07/2023 एवं 16/08/2023 को सक्षम अधिकारी द्वारा समय समय पर स्वीकृत किया गया है, जिसके आधार पर वि.नि.वि. द्वारा कार्यवाही की गयी। सभी बैठकों में लिए गये निर्णयों के बारे में समिति को विस्तृत रूप से बताया गया।

संकल्पः–

समिति ने इसे नोट किया।

**2.3.4 के. लो. नि. वि. द्वारा छात्रावास के जीर्ण शौचालय खंड के निर्माण कार्य पूर्ण करने के सम्बन्ध में। (Annexure-2.3.4)**

सत्यापित VERIFIED

सदस्य सचिव ने समिति को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी द्वारा छात्रावास के जीर्ण शौचालय के निर्माण का कार्य के.लो.नि.वि. को दिया गया था। करारनामे के अनुसार यह कार्य 12 दिसम्बर, 2019 को पूर्ण होना था। परन्तु, यह कार्य दिनांक 05 अगस्त, 2022 को पूर्ण हुआ। इस कार्य के लिए के. लो.



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area...

नि. वि. को कुल रू. 63,80,969/– मात्र अग्रिम राशि के रूप में दिया गया था। इस कार्य में कुल रू. 41,93,405/– मात्र रूपये खर्च हुआ है। नए प्रोजेक्ट की मृदा जाँच हेतु रू. 5,06,000/– मात्र खर्च किया गया है। शेष वची हुई धनराशि रू. 16,81,564/– मात्र दिनांक 04.10.2023 को कार्यपालक अभियन्ता के.लो. नि.वि द्वारा विश्वविद्यालय को ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिया गया है। अकाउन्ट सैटलमैंट हो चुका है। अतः इसे स्वीकृत कर अकाउन्ट्स एडजेस्टमेंट किया जा सकता है।

संकल्पः–

समिति ने इसे नोट किया तथा इसकी पुष्टि की।

2.4 Items for consideration:-

2.4.1 राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्र वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा जारी निर्देशिका के अनुसार डी. जी. सेट को Dual Fuel mode में Retro fitment के सम्बन्ध में। (Annexure-2.4.1)

सदस्य सचिव ने समिति को सूचित किया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्र वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के निर्देश संख्या 73 पत्र संख्या A-110018/01/2021-CAQM/827(DT) दिनांक 02.06.2023 के अनुसार एन.सी.आर. स्थित सभी संस्थाओं को 30.09.2023 तक 19 किलो वाट से अधिक क्षमता वाले सभी डीजल जनरेटर सेट्स का अधिकृत एजेंसियों से Dual Fuel mode में Retro fitment करवाना आवश्यक है। समिति सदस्य श्री अनूप मिश्रा जी ने वताया कि उपरोक्त समयावधि 31.12.2023 तक वढा दी गयी है। Dual Fuel हेतु PNG गैस का प्रयोग किया जा सकता है। PNG गैस की पाइपलाइन विश्वविद्यालय में आयी हुई है, इस सम्बन्ध में आई. जी. एल. को लिखा जायेगा। Dual Fuel mode में Retro fitment कार्य हेतु भवन समिति सदस्य श्री अनुप मिश्रा जी के सहयोग से प्राक्कलन वनाकर विश्वविद्यालय स्वीकृति उपरान्त पहले सरकारी ई बाजार पर निविदा निकालकर इस कार्य हेतु जो भी स्वीकृत एजेंसियां हैं उनसे यह कार्य करवाने का प्रयास करेगा।

संकल्पः–
समिति ने इस कार्य को करवाने हेतु अपनी संस्तुति दी।

2.4.2 वर्तमान छात्रावास के स्थान पर छात्रों एवं छात्राओं के लिए अलग–अलग छात्रावास के निर्माण के सम्बन्ध में। (Annexure-2.4.2)

सदस्य सचिव ने समिति को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय में वर्तमान छात्रावास के स्थान पर छात्रों एवं छात्राओं के लिए अलग–अलग छात्रावास निर्माण हेतु भवन समिति की प्रथम बैठक द्वारा सहमति दी गयी थी, जिसे वित्त समिति एवं कार्य परिषद ने भी स्वीकृत कर दिया है। सदस्य सचिव ने यह भी सूचित किया कि के. लो.नि.वि. द्वारा कुल पांच कार्यो के लिए प्राक्कलन अकटूबर 2018 में विश्वविद्यालय को प्रस्तुत किया गया था। इसमें से कुल चार कार्यो हेतु कुल रू. 68.17 करोड मात्र की स्वीकृति मंत्रालय से हेफा विन्डो–3 के अन्तर्गत दिनांक 01.01.2019 विश्वविद्यालय को प्राप्त हुई थी। इस प्राक्कलन में छात्रों एवं छात्राओं के लिए छात्रावास हेतु कमशः रू. 29.35 करोड एवं रू. 23.81 करोड तथा शेष दो कार्यो – भवनों के छतों पर अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण के कार्य हेतु रू. 13.52 एवं रू. 1.49 करोड मात्र का प्रावधान था।

तदुपरान्त, विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृत भवनों के निर्माण स्थल, नक्शों आदि को बदलकर तीन भवनों हेतु नया प्रस्ताव के.लो.नि.वि. से लेकर मंत्रालय में विन्डो–4 के अन्तर्गत रू. 279.95 करोड मात्र की स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया जिसकी स्वीकृति अभी तक प्राप्त नहीं हुई है।

विश्वविद्यालय इन छात्रावासों के लिए के. लो. नि. वि. से प्राक्कलन एवं जस्टिफिकेशन पुनः लेना चाहता है। इस प्राक्कलन के आधार पर हेफा से फण्ड लेने हेतु शिक्षा मंत्रालय में आवेदन किया जायेगा। श्री अशोक कुमार जी, मुख्य वास्तुक, के.लो.नि.वि. ने वताया कि इस कार्य के प्रभारी आर्किटेक्ट, निखुरपा, सीनियर आर्किटेक्ट (पी.आर.डी.), के.लो.नि.वि. होंगे। विश्वविद्यालय इनसे नक्शों के सम्बन्ध में सम्पर्क कर सकता है।

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri
National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

संकल्पः--

समिति ने इस पर विचार किया तथा विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी के द्वारा इस सन्दर्भ में अवतक की गई कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु अपनी सहमति दी।

2.4.3 **शिक्षा सदन–सह–केन्द्रीय पुस्तकालय भवन के निर्माण के सम्बन्ध में। (Annexure-2.4.3)**

सदस्य सचिव ने समिति को अवगत कराया कि विश्वविद्यालय में छात्र एवं छात्राओं के लिए पठन पाठन हेतु पुस्तकाल भवन निर्माण के लिए भवन समिति की प्रथम बैठक द्वारा सहमति दी गयी थी जिसे वित्त समिति एवं कार्य परिषद ने भी स्वीकृत कर दिया है। विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी इस भवन के लिए के. लो. नि. वि. से प्राक्कलन एवं जस्टिफिकेशन पुनः लेना चाहतें हैं। इस प्राक्कलन के आधार पर हेफा से फण्ड लेने हेतु शिक्षा मंत्रालय में आवेदन किया जायेगा। श्री अशोक कुमार जी, मुख्य वास्तुक, के.लो.नि.वि. ने बताया कि इस कार्य के लिए अतिरिक्त महानिदेशक (प्रोजेक्ट्स दिल्ली) श्री अशोक कुमार गुप्ता सक्षम अधिकारी होंगे तथा प्रभारी आर्किटेक्ट, निखुरपा, सीनियर आर्किटेक्ट (पी.आर.डी.), के.लो.नि.वि. होंगे। विश्वविद्यालय इनसे इस सम्बन्ध में सम्पर्क कर सकता है।

संकल्पः–

समिति ने इस पर विचार किया तथा विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी के द्वारा इस सन्दर्भ में अवतक की गई कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु अपनी सहमति दी।

2.4.4 **शैक्षणिक भवन के निर्माण के सम्बन्ध में। (Annexure-2.4.4)**

सदस्य सचिव ने समिति को बताया कि इस भवन के निर्माण के सम्बन्ध में भवन समिति के बिन्दु 1.4.3 पर रखा गया था। समिति ने विश्वविद्यालय द्वारा लिए गय निर्णय की पुष्टि की थी तथा निर्माण प्रक्रिया के लिए विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी को निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया था। इसकी स्वीकृति वित्त समिति एवं कार्य परिषद ने भी दी है। इस भवन का प्लान एवं प्राक्कलन बनवाना है परन्तु कार्य की सुगमता की दृष्टि से यह कार्य फेज–2 में कराया जायेगा। श्री अशोक कुमार जी, मुख्य वास्तुक ने बताया कि इस कार्य के लिए अतिरिक्त महानिदेशक (प्रोजेक्ट्स दिल्ली) श्री अशोक कुमार गुप्ता, के.लो.नि.वि. सक्षम अधिकारी होंगे तथा प्रभारी आर्किटेक्ट, निखुरपा, सीनियर आर्किटेक्ट (पी.आर.डी.), के.लो.नि.वि. होंगे। विश्वविद्यालय इनसे इस सम्बन्ध में सम्पर्क कर सकता है।

संकल्पः–

समिति ने इस पर विचार किया तथा विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी के द्वारा इस सन्दर्भ में अवतक की गई कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु अपनी सहमति दी।

2.4.5 **विश्वविद्यालय के लिए 200 एकड़ अतिरिक्त भूमि के माँग सम्बन्ध में। (Annexure-2.4.5)**

सदस्य सचिव ने समिति को बताया कि इस विश्वविद्यालय के पास भूमि केवल 10.65 एकड़ ही है। विश्वविद्यालय के समस्त शैक्षणिक गतिविधियों, खेल–कूद, छात्रावास, आवास के लिए स्थान का अभाव होने के कारण बहुत असुविधा हो रही है। केन्द्रीय विश्वविद्यालय बन जाने के बाद अनेकानेक विभाग खोलने हैं तथा तदनुसार अनेक गतिविधियाँ बढ़नी है। अतः संस्कृत के समुचित विकास के साथ विश्वविद्यालय को अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु अतिरिक्त स्थान की आवश्यकता है अतः शिक्षा मंत्रालय से पत्र दिनांक 15.06.2022 द्वारा 200 एकड़ भूमि आवंटित करने का आग्रह किया गया था। मंत्रालय की उप–सचिव ने पत्र संख्या 1-10/2022-Skt.I दिनांक 13.10.2022 द्वारा डिटेल्ड जस्टीफिकेशन एवं कार्य परिषद की स्वीकृति, यदि हो तो, की माँग की गयी है। विश्वविद्यालय ने कुलपति जी की अध्यक्षता में वरिष्ठ आचार्यों एवं अधिकारियों की समिति ने विश्वविद्यालय के विकास हेतु पचवर्षीय रोड मैप का निर्माण एवं अतिरिक्त भूमि आवंटन हेतु जस्टिफिकेशन तैयार किया।

भवन समिति ने अपनी प्रथम बैठक में विस्तृत रूप से प्रस्ताव बनाने एवं मंत्रालय से सम्पर्क करने हेतु सुझाव दिया था। भूमि हेतु बनाए गये प्रस्ताव की प्रशासनिक स्तर से पुष्टि या सुझाव हेतु श्री राहुल कश्यप, संयुक्त



सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

सचिव भारत सरकार की अध्यक्षता में अन्य विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया गया है। इस समिति की प्रथम बैठक दिनांक 04.10.2023 को सम्पन्न हुई जिसमें सभी तथ्यों पर विचार किया गया तथा समिति के संज्ञान में यह तथ्य लाया गया कि भारत सरकार, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग की केन्द्रीय उच्च शिक्षा संस्थाओं की भूमि आवश्यकता निर्धारण हेतु बनी उच्च स्तरीय समिति की जून 2015 में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय के लिए समिति द्वारा स्वीकृत भूमि लगभग 225 एकड है। हमारे विश्वविद्यालय द्वारा 200 एकड अतिरिक्त भूमि की ही मांग की गयी है, जो न्यायोचित है।

संकल्पः–

समिति ने इस पर विचार किया तथा विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी द्वारा इस सन्दर्भ में की जा रही कार्यवाही पर अपनी सहमति दी।

**2.4.6 विश्वविद्यालय निर्माण समिति (UWC) के गठन (Composition) एवं कार्य का दायरा (Scope of work). (Annexure-2.4.6)**

सदस्य सचिव ने समिति को बताया कि विश्वविद्यालय निर्माण विभाग द्वारा किये जाने वाले सभी प्रकार के स्पेशल रिपेयर एवं मरम्मत तथा निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग एवं तकनीकी समस्याओं के गुणवत्ता पूर्ण समाधान हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा विश्वविद्यालय निर्माण समिति का गठन किया गया है। इस समिति में सिविल इंजीनियरिंग, विद्युत इंजीनियरिंग, ऑर्किटेक्चर आदि विधाओं के अनुभवी विशेषज्ञ हैं। इस समिति में वित्ताधिकारी तथा कुलपति द्वारा नामित दो प्रोफेसर भी सदस्य हैं। इस समिति के गठन, कार्य का दायरा, कार्य परिषद के रिजोल्यूशन संख्या 70.4 दिनांक 05.11.2009 द्वारा स्वीकृत है। दिनांक 10.02.2022 को मा. कुलपति द्वारा इस समिति को पुनः गठित किया गया है। इस समिति में कुल दस सदस्य हैं तथा कोरम के लिए पाँच सदस्यों की उपस्थिति आवश्यक है, जिनमें न्यूनतम दो बाहरी विशेषज्ञ हों। यह समिति भी विश्वविद्यालय निर्माण विभाग द्वारा किये जाने वाले कार्यों में भवन समिति की सहायता के लिए ही है। तीस लाख से अधिक मूल्य के किये जाने वाले कार्यो को इस समिति (UWC) के समक्ष स्वीकृति एवं संस्तुति हेतु प्रस्तुत करना होगा। विस्तृत स्कोप ऑफ वर्क आदि से सम्बन्धित कागजात (Annexure-2.4.6) पर संलग्न हैं।

संकल्पः–

समिति ने सुझाव दिया कि विश्वविद्यालय निर्माण विभाग द्वारा बनाये प्राक्कलनों / बिलों आदि को सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से वि.नि.स. (UWC) / सम्बन्धित स्थायी तकनीकी समिति (STC) से वेटिंग करवा कर वि. नि.वि. सभी प्रकार के स्पेशल रिपेयर एवं मरम्मत तथा निर्माण कार्यों पर आवश्यक कार्रवाई कर सकता है। समिति ने विश्वविद्यालय निर्माण समिति के गठन एवं उसके कार्य दायरा पर अपनी सहमति दी।

**2.4.7 दिल्ली नगर निगम द्वारा मांगे गये पुराने भवनों की स्ट्रकचरल ऑडिट रिपोर्ट के सम्बन्ध में। (Annexure-2.4.7)**

अधिशासी अभियन्ता ने समिति को सूचित किया कि दिल्ली नगर निगम से पत्र संख्या D/952/EE(B-P)/BLDG/SZ/2023 दिनांक 02.08.2023 द्वारा विश्वविद्यालय के भवनों को भूकम्पीय रूप से सुरक्षित बनाने के लिए संरचनात्मक लेखा परीक्षा कराकर स्ट्रक्चरल ऑडिट रिपोर्ट भवनों की संरचनात्मक सुरक्षा हेतु एक्शन प्लान सहित एक सप्ताह में जमा कराने हेतु नोटिस प्राप्त हुआ है। स्ट्रक्चरल ऑडिट में यदि भवनों के रेट्रोफिटिंग की आवश्यकता होती है तो उसे छह माह के भीतर पूरा कराकर स्ट्रक्चरल इंजीनियर का सम्पूर्ति प्रमाण पत्र दिल्ली नगर निगम को जमा कराना होगा। यह कार्य दिल्ली नगर निगम की वेबसाइट पर दी गयी स्ट्रक्चरल इंजीनियरों की सूची में से किसी एक इंजीनियर / दिल्ली टेक्नीकल विश्वविद्यालय, इन्द्रप्रस्थ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग कॉलेज / ए.आई.सी.टी.ई. द्वारा स्वीकृत विश्वविद्यालयों, जो दिल्ली एन.सी.आर. में हैं। इस नोटिस का अनुपालन न किये जाने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही किये जाने की चेतावनी दी गयी है।

विश्वविद्यालय अभियन्ता द्वारा समिति को यह भी बताया गया कि के. लो. नि. वि. द्वारा पूर्व में बनाए गये आवासीय भवनों एवं शैक्षणिक सदन की स्ट्रक्चरल नक्शे विश्वविद्यालय को प्राप्त नहीं हुए हैं। दिल्ली नगर



सत्यापित
VERIFIED
कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri
National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

निगम की वेबसाइट पर उपलब्ध सूची से कई इंजीनियरों से बात किया गया, एक फर्म डॉ. विनोद कुमार जैन ने अपने सहयोगी स्ट्रक्चरल इंजीनियर को साइट निरीक्षणार्थ भेजा था। जिन्होंने भवनों का निरीक्षण करने के बाद बताया कि स्ट्रक्चरल ऑडिट हेतु सभी भवनों के स्ट्रक्चरल एवं आर्कीटेक्चरल नक्शे आवश्यक हैं। आवश्यकतानुसार भवनों में स्टील की स्ट्रैंथ ज्ञात करने हेतु स्थान – स्थान पर एन.डी.टी. कराने होंगे। निरीक्षणोपरान्त डॉ. विनोद जैन की फर्म विनटेक कन्सलटेंन्ट्स ने कुल बिल्टअप ऐरिया 2,26,238 स्क्वायर फिट की स्ट्रक्चरल ऑडिट करने हेतु Ref. No. VC/2023-24/SLBSNSU/DELHI/143 दिनांक 03/10/2023 द्वारा अपना रेट लगभग रू. 20 लाख मात्र (जी. एस. टी. सहित) ई–मेल किया है।

प्रो. वीरेन्द्र कुमार जी के साथ आए उनके सहयोगी स्ट्रक्चरल इंजीनियर डॉ. अंजनी कुमार शुक्ला ने स्वर्ण जयंती सदन, आवासीय परिसर, छात्रावास एवं शैक्षणिक सदन का दिनांक 05.10.2023 को प्रातः 10 बजे से निरीक्षण किया। प्रो. वीरेन्द्र कुमार जी ने निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर पाया कि कॉलम, आउटर बीम्स, लैंटर तथा छत का स्टील जंग लगने से गल रहे हैं। प्रो. वीरेन्द्र कुमार ने तत्काल इस पर आवश्यक कार्यवाई करने का सुझाव दिया।

संकल्पः–

क) समिति ने भवनों के स्ट्रक्चरल ऑडिट के कार्य पर विचार किया और आई. आई. टी. दिल्ली को भवनों का निरीक्षण कर स्ट्रक्चरल ऑडिट कार्य करने हेतु पत्र लिखने का सुझाव दिया।

ख) समिति ने यह भी सुझाव दिया कि यह कार्य भवन समिति के सदस्य प्रो. वीरेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में कराया जाय। चूँकि, वह वाराणसी से बार बार दिल्ली नहीं आ सकते हैं, अतः उनके मार्गदर्शन में डॉ. अंजनी कुमार शुक्ला को स्ट्रक्चरल एक्सपर्ट के रूप में रखने का सुझाव दिया। इस कार्य के लिये डॉ. शुक्ला द्वारा दिये गये सुझावों पर प्रो. वीरेन्द्र कुमार जी की सहमति आवश्यक होगी। तदुपरान्त, विश्वविद्यालय अग्रिम कार्रवाई कर सकता है।

**2.4.8 कैपिटल एसेट्स ओ.एच. – 35 मद में वित्त वर्ष 2023–24 में कैम्पस डेवलपमेंट मद में वि.नि.वि.को कार्यों हेतु आवंटित धनराशि रु. 149.92 लाख मात्र के सम्बन्ध में। (Annexure-2.4.8)**

विश्वविद्यालय अभियन्ता द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि कैम्पस डेवलपमेंट मद में कुल सात कार्यों हेतु रू. 149.92 लाख मात्र का आवंटन किया गया है। इनका प्राक्कलन बनाया जा रहा है। भवन समिति की सम्बन्धित स्थायी तकनीकी समिति / वि.नि.स. से इनकी वेटिंग करवाकर सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत किया जायेगा तथा स्वीकृति प्राप्त होने पर कार्य करवाने हेतु निविदा आदि की प्रक्रिया की जायेगी।

संकल्पः–

समिति ने इसे नोट किया तथा इस पर अपनी सहमति दी।

**2.4.9 कैपिटल एसेट्स ओ.एच. – 35 मद में वित्त वर्ष 2023–24 में फर्नीचर मद से आवंटित धनराशि रु. 63 लाख (रु. 55 लाख ऑफिस फर्नीचर तथा रु. 08 लाख अतिथि निवास फर्नीचर) के सम्बन्ध में। (Annexure-2.4.9)**

सदस्य सचिव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि फर्नीचर मद में ऑफिस फर्नीचर तथा अतिथि निवास के लिए फर्नीचर क्रय करने हेतु कुल रूपये 63 लाख मात्र का आवंटन किया गया है। इस कार्य हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा कुल 11 सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। इस समिति की प्रथम बैठक में निर्णय लिया गया है कि गोदरेज मेक का ही फर्नीचर सक्षम अधिकारी की स्वीकृति उपरान्त लिया जाए क्योंकि समिति ने पूर्व के अनुभव के आधार पर पाया है कि इस मेक के फर्नीचर की आयु कम से कम 15 वर्ष से अधिक है। विश्वविद्यालय द्वारा लगभग दो वर्ष पूर्व कुछ फर्नीचर जो लोकल मेक के लिए गये थे उनकी लागत अधिक थी तथा गुणवत्ता भी ठीक नहीं पायी गयी थी। समिति के निर्णयानुसार प्राक्कलन बनाया जा रहा है। प्राक्कलन की वेटिंग भवन समिति की सम्बन्धित स्थायी तकनीकी समिति / वि.नि.स. से करवाकर

सत्यापित
VERIFIED



कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी–4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016

सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत किया जायेगा तथा स्वीकृति प्राप्त होने पर सरकारी ई बाजार पर पीएसी बाइंग में निविदा आदि की प्रकिया की जाएगी।

संकल्पः–

समिति ने इसे नोट किया तथा इस पर अपनी सहमति दी।

2.4.10 जी.एफ.आर. 2017 के रूल–133 के सन्दर्भ में 16/01/2018 को वित्त मंत्रालय द्वारा उच्च शिक्षा विभाग को दिये गये स्पष्टीकरण के सम्बन्ध में। (Annexure-2.4.10)

सदस्य सचिव द्वारा समिति को यह अवगत कराया गया कि जी.एफ.आर 2017 के रूल–133(2) में कोई भी संस्था तीस लाख तक का कार्य ही स्वयं करा सकती है, इससे अधिक के कार्य के लिए किसी लोक कार्यदायी संस्था (PWO) जैसे के.लो.नि.वि., राज्य. लो.नि.वि., एम.इ.एस., बी.आर.ओ. आदि से ही करवाना होगा। इस नियम के आने के बाद कई संस्थाओं को कार्य करवाने में असुविधा होने लगी। आई. आई. टी. दिल्ली ने इस सम्बन्ध में शिक्षा मंत्रालय को अवगत काराया तो शिक्षा मंत्रालय ने व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय से जी.एफ.आर. 2017 के रूल–133 के सन्दर्भ में स्पष्टीकरण मांगा। व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय से प्राप्त स्पष्टीकरण निम्न प्रकार है।

The matter has been examined in this department. It has been noted that in house work departments have been working in IITs. In this regard, it is stated that Rule 133 (2) of GFR provides as follows:-

"A Ministry or Department may, at its discretion, assign repair works estimated to cost above rupees thirty lakhs and original minor works of any value to any Public Work Organization (PWO) such as Central Public Works Department (CPWD), State Public Works Department, other Central Government Organizations authorize to carry out civil or electrical works such as Military Engineering Service (MES), Border Roads Organization (BRO), etc. or Ministry/Department's construction wings of Ministries of Railways, Defense, Environment and Forests, Information and Broadcasting, and Departments of Posts and Space etc."

"Hence it is clear wherever already construction wings of the organization are available they can be used." Copy enclosed.

सदस्य सचिव ने समिति को यह भी बताया कि हमारे विश्वविद्यालय में भी विश्वविद्यालय निर्माण विभाग है। भवन समिति की सहायता के लिए इसकी स्थायी तकनीकी समितियाँ, विश्वविद्यालय निर्माण समिति (UWC), निविदा समिति हैं, जिनका गठन एवं कार्य दायित्व भवन समिति की संस्तुति पर वित्त समिति एवं कार्य परिषद द्वारा स्वीकृत किया गया। यह स्पष्टीकरण हमारे विश्वविद्यालय निर्माण विभाग पर भी लागू होना चाहिए।

संकल्पः–

समिति ने पाया कि विश्वविद्यालय का अपना निर्माण विभाग है। तदनुसार समिति ने सहमति दी कि विश्वविद्यालय निर्माण विभाग किसी भी राशि का कार्य विश्वविद्यालय के सक्षम अधिकारी की स्वीकृति से करवाने हेतु अधिकृत है।

2.4.11 पुस्तकालय भवन में स्पेशल रिपेयर आदि हेतु पुस्तकालय समिति द्वारा सुझाये गये कार्यों के सम्बन्ध में। (Annexure-2.4.11)

विश्वविद्यालय अभियन्ता द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि पुस्तकालय समिति की बैठक दिनांक 15.09.2023 को सम्पन्न हुई थी इस बैठक के कार्यवृत के अनुसार पुस्तकालय समिति ने पुस्तकालय के लिए आवंटित निधि से कुछ आवश्यक कार्य कराने की अनुशंसा की गयी है जिसे सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृत कर दिया गया है। इस कार्य में पुस्तकालय में स्थान की कमी है अतः मेजनाइन फ्लोर का अधिकतम विस्तार, पुस्तकालय में लगी बहुत पुरानी खिडकियाँ ठीक से बन्द नहीं होतीं जिससे धूल गन्दगी आती है पुस्तकों



सत्यापित VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्ववि
Shri Lal Bahadur Shastri
National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-11
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-1

क्षति होती है अतः इन्हे हटाकर एल्यूमिनियम की खिडकियाँ लगाने का कार्य, केन्द्रीय वातानुकुलित करने, टूटे फर्शों को ठीक कराना, दृष्टिबाधित पाठकों हेतु केबिन निर्माण और पुस्तकालय प्रभारी एवं सहायक पुस्तकालयध्यक्ष के कक्षों के नवीनीकरण का कार्य है।

प्रो. वीरेन्द्र कुमार के निरीक्षण के दौरान सहायक पुस्तकालयध्यक्ष की उपस्थिति में यह पाया गया कि मेजनाइन बनाना उचित नहीं है। शेष कार्य करवाये जा सकते हैं।

इस सन्दर्भ में वित्ताधिकारी महोदय ने समिति को सूचित किया है कि पुस्तकालय को पचास लाख रूपये स्वीकृत किया गया है। सहायक पुस्तकालयध्यक्ष द्वारा सूचित किया गया है कि स्थानाभाव के कारण पुस्तकों आदि पर लगभग पचीस लाख रूपये व्यय होगा। अतः नवीनीकरण आदि कार्य पर इस मद से पचीस लाख रूपये तथा अन्य मदों से यह कार्य कराया जायेगा।

संकल्पः–

समिति ने इसे नोट किया तथा सक्षम अधिकारी की स्वीकृति उपरान्त कार्य करवाने पर अपनी सहमति दी।

बैठक अध्यक्ष महोदय एवं बाह्य विशेषज्ञों को धन्यवाद सहित सम्पन्न हुई।

सदस्य सचिव

अध्यक्ष

सत्यापित
VERIFIED

कुलसचिव / Registrar
श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
Shri Lal Bahadur Shastri National Sanskrit University
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016
B-4, Qutub Institutional Area, New Delhi-110016